Women's Safety Services SA

माइग्रेंट (प्रवासी) महिला सहायता कार्यक्रम

जहाँ सभी महिलाओं और उनके बच्चों को
हिंसा-मुक्त जीवन का अधिकार है।

माइग्रेंट (प्रवासी) महिला सहायता कार्यक्रम (Migrant Women's Support Program)

हमारा प्रवासी महिला सहायता कार्यक्रम सभी लोगों के सुरक्षित रूप से रहने और सम्मान के साथ उनसे बर्ताव किए जाने के अधिकार को मान्यता देता है। हम ऐसी सेवाएँ प्रदान करते हैं जो विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील सहायता प्रदान करती हैं।

संस्कृति के नाम पर हिंसा स्वीकार्य नहीं हैं। घरेलू और/या पारिवारिक हिंसा को किसी भी समुदाय या संस्कृति में स्वीकार नहीं किया जाता है।

प्रवासी महिला सहायता कार्यक्रम (MWSP) के हमारे द्विभाषी और द्विसांस्कृतिक कर्मचारी अलग-अलग सांस्कृतिक तथा भाषाई पृष्ठभूमियों से सम्बन्धित उन महिलाओं के साथ काम करते हैं जो किसी असुरक्षित रिश्तों में फंसी होती हैं।

MWSP उन प्रवासी महिलाओं और बच्चों के साथ काम करता है जिन्हें हिंसा का सबसे अधिक खतरा होता है।

हमारे कार्यक्रम में सांस्कृतिक तौर पर संवेदनशील ज़रूरतों पर ध्यान दिया जाना, खतरा आंकलन का आयोजन करना, सुरक्षा नियोजन, सूचना, पक्षसमर्थन, रेफरल और अन्य उपयुक्त सेवाएँ प्रदान करना शामिल है।

हम अपने उपभोक्ताओं की गोपनीयता को समझते हैं और इसकी महत्ता का सम्मान करते हैं।

MWSP घरेलू हिंसा सेवाओं और पेशावर दुभाषियों सहित अन्य सेवा प्रदाताओं के साथ काम करता है।

कृपया और अधिक जानकारी या कार्यक्रम से जुड़े सवालों के लिए Women's Safety Services SA पर हमारे माइग्रेंट (प्रवासी) महिला सहायता कार्यक्रम से संपर्क करें;

सोमवार से शुक्रवार सुबह 8:30 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक, फ़ोन: 8152 9260 फैक्स: 8152 9299
ई-मेल: contact@womenssafetyservices.com.au
PO Box 79, Hilton Plaza, 5033
www.womenssafetyservices.com.au